जीडीपी आंकड़ों में सांख्यिकीय विसंगतियां: भारत से प्रमाण*

सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के माप में सांख्यिकीय विसंगतियां (एसडी) विश्व भर में एक प्रयोगसिद्ध चुनौती है। भारत के जीडीपी आंकड़े में, एसडी अधिक होने के साथ-साथ परिवर्तनशील रही हैं लेकिन राष्ट्रीय लेखों के आधार को बदलकर 2011-12 कर देने के साथ ही कवरेज को बढ़ाने एवं कार्यप्रणाली में सुधार करने से माप संबंधी त्रुटियां कम हुई हैं। वर्तमान में भारत के जीडीपी में एसडी की तुलना अन्य विकसित एवं उभरती बाजार वाली अर्थव्यवस्थाओं के साथ की जा सकती है। इस अनुभव को देखते हुए, आलेख के जरिए अनुशंसा की गई है कि केन्द्रीय सांख्यिकीय कार्यालय (सीएसओ) भविष्य में एसडी के समाधान के लिए सप्लाई-यूज़ टेबल्स के उपयोग पर विचार करें।

I. परिचय

वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) आर्थिक गतिविधि का अत्यंत महत्वपूर्ण माप है और नीति निर्माताओं, विश्लेषकों एवं शिक्षाविदों द्वारा व्यापक रूप से उपयोग किया जाता है (चक्रवर्ती, 2016; केओहेन, 2016; झोंग, 2016)। उत्पादन, व्यय और आय पद्धति के जरिए जीडीपी का माप किया जा सकता है। उत्पादन पद्धति में, बाजार कीमतों पर जीडीपी के आंकड़े प्राप्त करने के लिए मूल कीमतों पर योजित सकल मूल्य (जीवीए) को निवल उत्पाद करों के साथ जोड़ दिया जाता है। आय पद्धति में, कर्मचारियों को मुआवजा, सकल परिचालनगत अधिशेष/ मिश्रित आय, स्थिर पूंजी का उपभोग, एवं निवल उत्पादन और उत्पाद कर के जोड़ को सकल घरेलू आय (जीडीआई) कहा जाता है। व्यय पद्धति में, बाजार कीमतों पर जीडीपी निकालने के लिए उपभोग व्यय (निजी एवं सरकारी दोनों), निवेश एवं निवल निर्यात (निर्यात में आयात को घटाकर) को जोड़ा जाता है।

तकनीकी रूप से देखें तो पता चलता है कि इन तीन पद्धतियों की मदद से अनुमानित जीडीपी समान होना चाहिए; तथापि, व्यवहार में, ऐसा कदाचित होता है। भिन्न-भिन्न पद्धतियों से निकाले गए जीडीपी के कुल आंकड़ों में पाए गए अंतर एसडी कहलाती हैं जो यूनाइटेड नेशन्स सिस्टम ऑफ नैशनल अकाउन्ट्स 2008 (अब से एसएनए 2008) में स्थान पाती हैं। एसएनए 2008, इस समस्या से निजात पाने के दो पद्धति सुझाते हैं : (i) एसडी का प्रकाशन जीडीपी के कम सटीक प्रकार के साथ किया जाए; (ii) जहां तक हो सके श्रेष्ठ निर्णय करते हुए कि कहां त्रुटियों की संभावना हो सकती है एसडी को दूर किया जाए और तदनुसार उसमें सुधार किया जाए। भारत के राष्ट्रीय लेखा सांख्यिकी (एनएएस) में जीडीपी के आकलन हेतु उत्पादन पद्धति को अधिक सटीक समझा जाता है और एसडी को स्पषटतया व्यय की तरफ दिखाया जाता है (सीएसओ, 2012)। फिर भी, भारतीय प्रणाली एसएनए 2008 की पहली सिफारिश के सदृश है।

एसडी, जीडीपी वृद्धि की व्याख्या को लेकर उसके घटकों के संदर्भ में विश्लेषकों, शोधकर्ताओं एवं नीतिनिर्माताओं के लिए गंभीर समस्या खड़ी करती है। उदाहरण के लिए, 2012-13, 2013-14 एवं 2015-16 के दौरान, जीडीपी वृद्धि में एसडी का योगदान क्रमशः (+) 14.9 प्रतिशत, (-) 12.7 प्रतिशत एवं (+) 24.2 प्रतिशत था।

पूरे विश्व में, जीडीपी में एसडी के स्रोत, आकार एवं रुझानों के विश्लेषण के अनेकों प्रयास किए गए (बाजदा, 2001; ब्लोम एवं अन्य., 1997; चांग एंड ली, 2015; एलिस, 2014)। इस विषय पर जोशीले बहस होने के बावजूद, विशेष रूप से 2011-12 के आधार वर्ष के साथ राष्ट्रीय लेखों के नव सीरीज़ की उपलब्धता के मद्देनजर, भारतीय संदर्भ में विस्तृत जांच एक कमी है, जिसकी भरपाई करने की कोशिश इस आलेख में की गई है। इस आलेख की विषय-वस्तु को इस प्रकार प्रस्तुत किया गया है: भाग II भारतीय जीडीपी आंकड़े में एसडी की अवधारणा, रुझान एवं संरचना पर केन्द्रित है; भाग III एक संक्षिप्त क्रास-कन्ट्री अनुभव पेश करता है; और भाग IV कुछ व्यावहारिक निष्कर्ष प्रस्तुत करता है।

II. भारत के राष्ट्रीय लेखों में एसडी संबंधी अस्वाभाविक तथ्य

भारतीय संदर्भ में, एसडी निम्नांकित विसंगतियों का मिश्रण है, (i) राष्ट्रीय प्रयोज्य आय एवं उसका विनियोग लेखा, (ii) पूंजी वित्त खाता, और (iii) बाह्य

* यह आलेख राष्ट्रीय लेखा विश्लेषण प्रभाग, आर्थिक और नीति अनुसंधान विभाग, भारतीय रिज़र्व बैंक के श्री विनीत कुमार श्रीवास्तव, श्री अवधेश कुमार शुक्ल, श्री बिचित्रानन्द सेठ और श्री कुणाल प्रियदर्शी द्वारा तैयार किया गया है। आलेख में अभिव्यक्त विचार लेखकों के अपने विचार हैं और ये भारतीय रिज़र्व बैंक के विचारों का प्रतिनिधित्व नहीं करते।

लेनदेन खाता।[1] समेकित विसंगति को व्यय खाता संबंधी जीडीपी में रिपोर्ट किया गया है[2]।

प्रयोज्य आय एवं उसके विनियोग लेखा को अंतिम उपभोग व्यय (निजी एवं सरकारी दोनों) और बचत के साथ-साथ उत्पादन खाता के माध्यम से प्राप्त किया जाता है, अर्थात, मूल कीमतों पर योजित निवल मूल्य और शेष विश्व से निवल फैक्टर प्रवाह और निवल अप्रत्यक्ष कर और शेष विश्व से अन्य चालू अंतरण का जोड़। एसडी, उपभोग एवं बचत से निकाली गई प्रयोज्य आय और उत्पादन पद्धति के बीच का संपूर्ण अंतर होता है।

पूंजी वित्त खाता से सकल पूंजी निर्माण (जीसीएफ) एवं सकल बचत के संबंध में जानकारी मिलती है। इन दो पद्धतियों की मदद से जीसीएफ का अनुमान लगाया जाता है: (i) निधि प्रवाह पद्धति के माध्यम से, जिसे सकल बचत और सीमापार से निवल पूंजी अंतर्वाह के जोड़ से प्राप्त किया जाता है; और (ii) पण्य प्रवाह पद्धति के जरिए, जिसे आस्ति प्रकार के माध्यम से प्राप्त किया जाता है। रिवाज के अनुसार, निधि प्रवाह पद्धति के जरिए आकलित जीसीएफ को अधिक दृढ़ माना जाता है, और इन दो पद्धतियों के बीच के अंतर को 'भूल-चूक' के रूप में माना जाता है।

बाह्य लेनदेन खाते के मामले में, एसडी का संबंध पण्य निर्यात और आयात को लेकर आंकड़ों के इन दो स्रोतों - भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) एवं वाणिज्यिक आसूचना और सांख्यिकी महानिदेशालय (डीजीसीआईएस) में पाए गए अंतर से है। इन दो पद्धतियों के बीच के अंतर को 'निवल समायोजन' के रूप में माना जाता है। व्यय पद्धति[3] का उपयोग कर समेकित एसडी को जीडीपी में दर्शाया गया है। अतः, एसडी से उत्पादन और व्यय पद्धतियों के बीच

चार्ट 1: जीडीपी के प्रतिशत के रूप में एसडी



स्रोत : सीएसओ

[1] http://mospiold.nic.in/Mospi_New/upload/NAS2014/NAS14.htm

[2] सीएसओ ने राष्ट्रीय लेखों की सीरीज़ को एसएनए 2008 की तर्ज पर आधार वर्ष 2011-12 के साथ संशोधित किया है। राष्ट्रीय लेखों की नई सीरीज़ (आधार वर्ष: 2011-12) एसडी की समेकित संख्या दर्शाती है।

[3] जीडीपी के समेकन के लिए अपनाई गई प्रक्रिया जीवीए और निवल अप्रत्यक्ष करों के जोड़ के माध्यम से प्रत्येक प्रोड्यूसर यूनिट में प्रॉडेक्शन गतिविधि का आकलन करना है। यहां पर जीवीए का मूल्य प्रॉडेक्शन की प्रक्रिया में उपयोग किए गए आउटपुट मूल्य में इनपुट मूल्य को घटाने के बाद प्राप्त किया जाता है।

जीडीपी का आकलन उपयोग या व्यय के घटकों को जोड़कर भी किया जा सकता है, अर्थात, जीडीपी = अंतिम उपभोग + सकल स्थिर पूंजी निर्माण + स्टॉक में बदलाव + बहुमूल्य वस्तुएं + निवल निर्यात। इसे आय पद्धति के माध्यम से आंका जा सकता है, जहां आय को दो प्राथमिक फैक्टर इनपुट के बीच बांटा जाता है, नामतः, पूंजी और श्रमिक। बाजार कीमतों पर जीडीपी = स्थिर पूंजी का उपभोग + कर्मचारी को मुआवजा + परिचालन अधिशेष/ मिश्रित आय + उत्पाद कर में उत्पाद सब्सिडी को घटाकर।

संपूर्ण अंतर का आकलन प्रस्तुत होता है। रिवाज के तौर पर, उत्पादन पद्धति से प्राप्त जीडीपी, जिसे अधिक दृढ़ माना जाता है, को अंतिम जीडीपी के रूप में माना जाता है (सीएसओ, 2012)। विश्लेषणात्मक सुविधा के लिए, अध्ययन अवधि (1950-51 से 2016-17) को चार चरणों[4] में विभाजित किया जाता है (चार्ट 1)। प्रत्येक चरण की एक अलग विशेषता होती है।

चरण I में, जीडीपी में एसडी का हिस्सा अधिकांशतः नेगेटिव था और यह बिना किसी निश्चित रुझान के घटती-बढ़ती है। चरण II में, तथापि, इसमें बढ़ते रुझान देखे गए लेकिन अपेक्षाकृत रूप से धीमी गति से घटी-बढ़ी। चरण III में विपरीत स्थिति पाई गई जिसमें एसडी शून्य की तरफ बढ़ने लगी, जो आंकड़े की गुणवत्ता के संबंध में सीएसओ के सतत प्रयास को दर्शाता है।

परिमाण के संदर्भ में, औसत एसडी कम रही हैं जो चारों चरणों में जीडीपी का (-) 3.0 प्रतिशत से (+) 0.5 प्रतिशत थी (सारणी 1)। तथापि, जीडीपी में एसडी के हिस्से का परिवर्तन गुणांक दर्शाता है कि वह जीडीपी के अन्य घटकों की अपेक्षा अत्यधिक अस्थिर घटक है।

एसडी के संबंध में प्रयोगसिद्ध विश्लेषण से प्राप्त रोचक अस्वाभाविक तथ्यों को नीचे प्रस्तुत किया गया है:

i. चार्ट 2ए एवं अनुबंध सारणी में एसडी के संचलन वाले व्यापक दायरे को दर्शाया गया है, जिससे वास्तविक जीडीपी वृद्धि में योगदान[5] का पता चलता है। यह संख्या (-) 426 प्रतिशत (1957-58 में) से 1514 प्रतिशत (1965-66 में) के अधिकतम दायरे में रहा और सात[6] वर्षों में वास्तविक जीडीपी वृद्धि में एसडी का

सारणी 1: जीडीपी के व्यय पक्ष की विस्तृत सांख्यिकी

	निजी उपभोग	सरकारी उपभोग	स्थायी निवेश	निर्यात	आयात	सांख्यिकीय विसंगतियां
माध्यम (जीडीपी में हिस्सा)						
चरण I	78.8	8.0	16.9	5.1	6.8	-3.0 (3.0)
चरण II	69.2	11.9	21.7	7.3	9.2	-2.0 (4.1)
चरण III	60.3	11.5	28.6	17.3	21.3	0.5 (1.8)
चरण IV	56.2	10.3	32.3	23.3	26.4	0.5 (0.8)
अस्थिरता (मानक विचलन)						
चरण I	4.9	2.0	2.6	1.2	1.6	2.0
चरण II	4.1	0.7	1.1	1.4	2.1	4.2
चरण III	1.8	0.9	4.2	4.8	6.1	2.6
चरण IV	0.3	0.5	1.7	2.1	4.3	0.9
अस्थिरता (अस्थिरता गुणांक)						
चरण I	6.2	25.0	15.4	23.5	23.5	-66.7
चरण II	5.9	5.9	5.1	19.2	22.8	-210.1
चरण III	2.9	7.8	14.8	27.9	28.6	555.4
चरण IV	0.6	4.4	5.2	9.1	16.2	203.8

टिप्पणी: जीडीपी में शेयर के आधार पर गणना की गई है; शेयर का जोड़ मिलकर 100 प्रतिशत नहीं हो पाएगा क्योंकि जीडीपी के कुछ घटकों को यहाँ रिपोर्ट नहीं किया गया है। कोष्ठकों में दिए गए आंकड़े पूर्ण औसत शेयर हैं।
स्रोत: सीएसओ एवं स्टाफ गणना ।

[4] चरण I 1950-51 से 1979-80 तक, चरण II 1980-81 से 1997-98 तक, चरण III 1998-99 से 2010-11 तक और चरण IV 2011-12 से है। संदर्भ अवधि की चरणबद्धता आंकड़े में पाए गए चढ़ाव एवं उतार के आधार पर किया गया है।

[5] जीडीपी वृद्धि में योगदान = $((SD_t - SD_{t-1})/(Y_t - Y_{t-1}))*100$

[6] सात वर्ष इस प्रकार हैं: 1956-57 (-425.7 प्रतिशत), 1964-65 (152.4 प्रतिशत), 1965-66 (1514.0 प्रतिशत), 1970-71 (-126.7 प्रतिशत), 1971-72 (230.6 प्रतिशत), 1975-76 (-238.0 प्रतिशत) एवं 1990-91 (133.1 प्रतिशत)। इन वर्षों को चार्ट में शामिल नहीं किया गया है।

योगदान (+/-) 100 प्रतिशत से अधिक रहा (चार्ट 2बी)।

ii. सांकेतिक कीमतों पर, जीडीपी (चार्ट 2सी) में एसडी का हिस्सा अधिकांशतः नेगेटिव जोन में रहा, जो अभी हाल के वर्षों में ही पॉजिटिव क्षेत्र में आया और समय के साथ योगदान घटा (चार्ट 2डी) - अपस्फीतिक सांकेतिक जीडीपी के लिए समुचित कीमत सूचकांक की अनुपलब्धता का सूचक।

iii. त्रैमासिक आंकड़े के संदर्भ में, एसडी, सांकेतिक संदर्भों की अपेक्षा वास्तविक संदर्भों में अत्यधिक एवं अधिक परिवर्तनशील हैं, जीडीपी में हिस्सा और वृद्धि में योगदान दोनों के संदर्भ में (चार्ट 3[7] एवं सारणी 2)।

iv. इसी प्रकार, जीडीपी में हिस्सा और वृद्धि में योगदान, वार्षिक आंकड़े की अपेक्षा त्रैमासिक आंकड़े के लिए अधिक परिवर्तनशील हैं।

चार्ट 2: बाजार मूल्यों पर वार्षिक जीडीपी में एसडी का संचलन

स्रोत: सीएसओ

[7] (+/-) 100 प्रतिशत से अधिक के मूल्यों को चार्ट 3बी और 3डी में ट्रन्केट कर दिया गया है।

चार्ट 3: तिमाही जीडीपी में एसडी का संचलन



स्रोत : सीएसओ

सीएसओ ने 2007-08 से अग्रिम आकलनों में एसडी के संबंध में सूचना का प्रकाशन कार्य शुरू कर दिया है। 2007-08 के बाद से अंतिम संशोधित आकलनों में एसडी के साथ तुलना दर्शाता है कि एसडी समग्र औसत संदर्भ में बाद वाले से अधिक है (चार्ट 4)।

सारणी 2: तिमाही जीडीपी में एसडी के लिए व्याख्यात्मक सांख्यिकी

	वास्तविक मूल्य		सांकेतिक मूल्य	
मानदंड	**शेयर**	**वृद्धि में योगदान**	**शेयर**	**वृद्धि में योगदान**
माध्य	-0.5	3.0	0.5	-0.7
माध्य निरपेक्ष	2.2	47.1	1.8	18.2
मानक विचलन	2.6	124.7	2.1	23.5

स्रोत: सीएसओ एवं स्टाफ गणना

चार्ट 4: अग्रिम आकलनों में एसडी बनाम जीडीपी के प्रतिशत के अनुसार संशोधित आकलन



स्रोत : सीएसओ

III. भिन्न-भिन्न देशों के अनुभव

एसडी भारतीय राष्ट्रीय खातों के लिए विशिष्ट नहीं हैं। भिन्न-भिन्न देशों में किए गए सर्वेक्षण के अनुसार अनेक विकसित एवं उभरती बाजार वाली अर्थव्यवस्थाओं में ऐसा ही अनुभव देखने को मिलता है। यूनाइटेड किंगडम (यूके) में, एसडी को तिमाही आंकड़े में दर्शाया गया है, लेकिन वार्षिक संख्याओं तक पहुंचने से पहले ही पक्के आंकड़े प्राप्त कर लिए गए थे (सारणी 3)। ऑस्ट्रेलिया और जर्मनी में भी ऐसा ही कुछ देखने को मिलता है। इन देशों ने सांख्यिकीय मिलान के संबंध में विस्तृत सुव्यवस्थित टिप्पणियां[8] जारी की हैं। दूसरी तरफ, संयुक्त राष्ट्र संघ (यूएसए), कनाडा और चीन द्वारा एसडी का मिलान नहीं किया जाता है। यूएसए अपने आय खाते में एसडी सम्मिलित करता है, लेकिन कनाडा दोनों तरफ से अंतिम जीडीपी के रूप में जीडीपी के औसत का उपयोग करता है और दोनों आकलनों में एसडी आबंटित करता है। सिंगापुर में, जीडीपी खातों का मिलान प्रत्येक पांच वर्षों में एक बार होता है। देश के तौर-तरीकों के सर्वेक्षण से मालूम होता है कि एसडी के मिलान के लिए 'सप्लाई-यूज़ टेबल्स' सर्वाधिक महत्वपूर्ण रास्ता है।

विभिन्न देशों की ऐतिहासिक तुलना से मालूम होता है कि भारत में एसडी अपेक्षाकृत रूप से अधिक है। तथापि,

सारणी 3: राष्ट्रीय खातों में एसडी के साथ बर्ताव : चुनिंदा देश की परिपाटी

देश	एसडी से जुड़ी परिपाटी
यूएसए	जीडीपी (व्यय) और सकल घरेलू आय (जीडीआई) के बीच के अंतर को एसडी के रूप में माना जाता है, जिसे जीडीआई खाते में हिसाब में लिया जाता है। इसे राष्ट्रीय खातों के आंकड़ों में साफ़ तौर पर रिपोर्ट किया जाता है। फिर भी, आंकड़े की गुणवत्ता, समतुलन एवं न्यूनतम मानदंड निर्धारित करने के माध्यम से एसडी के आकार को कम करने के प्रयास जारी हैं।
यूके	समतुलन पूर्व की विसंगतियों को वार्षिक सप्लाई-यूज समतुलन के जरिए दूर किया जाता है, जीडीपी आउटपुट पद्धति पर आधारित है; विसंगतियों को आय पद्धति और व्यय पद्धति से आकलित जीडीपी में दर्शाया गया है।
कनाडा	आय और व्यय पद्धतियों का औसत जीडीपी होता है। एसडी को जीडीपी के दोनों पक्षों में दर्शाया जाता है। मिलान के लिए वार्षिक पूर्णतः समतुलित सप्लाई-यूज टेबल्स का उपयोग किया जाता है, लेकिन एसडी को दूर करने के लिए इसे न्यूनतम मानदंड के रूप में पूरी तरह से निर्धारित नहीं किया गया है।
आस्ट्रेलिया	एसडी को दूर करने के लिए वार्षिक सप्लाई-यूज टेबल्स उपयोग में लाए गए हैं। त्रैमासिक वास्तविक जीडीपी, तीन पद्धतियों का औसत है।
सिंगापुर	उत्पादन पद्धति और व्यय पद्धति के जरिए संकलित जीडीपी के बीच के अंतर को व्यय-आधारित आकलनों की एसडी मद में निर्धारित किया जाता है। जीडीपी की अलग-अलग पद्धतियों (उत्पादन, व्यय और आय) का मिलान पांच साल में एक बार किया जाता है।

[8] https://www.ons.gov.uk/.../an-introduction-to-reconciled-estimates-of-gdp.pdf

चार्ट 5: जीडीपी के प्रतिशत के रूप में वास्तविक जीडीपी में एसडी का शेयर



स्रोत: सीएसओ

हाल की अवधि में, भारत में एसडी घटा और समकक्ष देशों के स्तर के करीब पहुंचा (चार्ट 5)।

IV. निष्कर्ष

जीडीपी का उपयोग आम तौर पर आर्थिक गतिविधि की स्थिति का मूल्यांकन करने के मैट्रिक के रूप में किया जाता है, क्योंकि यह समग्र मांग स्थितियों का तकरीबन सही अनुमान लगाता है और भिन्न-भिन्न देशों के बीच तुलना करने योग्य है। तथापि, भारत में योजित सकल मूल्य (जीवीए) के बेहतर क्षेत्रीय कवरेज एवं गतिविधि के अनुसार प्राथमिक, माध्यमिक और तृतीयक इलाकों, जो कुल मिलाकर समग्र आपूर्ति दर्शाती है, की व्याख्या करने के संदर्भ में विश्वसनीयता के मद्देनजर इसके उपयोग को लेकर सांख्यिकीविद, शिक्षाविद और नीति निर्माताओं में भारी प्राथमिकता है। जीवीए, प्रोड्यूसर्स की लाभप्रदता का भी बेहतर प्रतिबिंब प्रस्तुत करता है क्योंकि इसमें अप्रत्यक्ष करों को शामिल नहीं किया जाता जिसकी वजह से उत्पादन प्रक्रिया की विश्लेषणात्मक दृष्टि विकृत हो सकती है। परिणामस्वरूप, जीवीए के घटकों के इर्द-गिर्द गतिविधि के उच्च फ्रीक्वेन्सी संकेतक विकसित हो गए हैं और जीडीपी के इर्द-गिर्द कम दृढ़ता से। फिर भी, इसी शैली में कहे तो, यह तर्क दिया जा सकता है कि सब्सिडी के होने की वजह से जीडीपी विकृत हो जाती है। इतना ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय तुलना की मजबूरी की वजह से यह भारत के लिए अनिवार्य होता जा रहा है क्योंकि यह वैश्विक अर्थव्यवस्था में तेजी से समाहित होता है और वैश्विक वृद्धि में अत्यधिक योगदान देता है।

एक पेशेवर के नज़रिये से देखे तो, भारत में जीडीपी के उपयोग पर बाधा प्रकट करने वाला एक सबसे बड़ा कारक है इसमें सन्निहित एसडी का आकार, जो विकसित अर्थव्यवस्थाओं के साथ-साथ समकक्ष उभरती अर्थव्यवस्थाओं की अपेक्षा बड़ा है, जैसा इस आलेख में संकेत किया गया है। हाल में भी, भारतीय राष्ट्रीय खातों में एसडी अस्थिर साबित हुई हैं - स्थिर कीमतों के संदर्भ में और अधिक - जो अंतर्निहित समष्टिआर्थिक स्थिति के सटीक आकलन में विकृति पैदा कर देता है। वास्तव में, माध्यम और अस्थिरता के संदर्भ में जीडीपी बगैर एसडी के जीवीए से तुलनीय है।

इस आलेख के दृष्टिकोण से खुशी की बात यह है कि हाल के वर्षों में कवरेज बढ़ाने एवं आंकड़े जुटाने की प्रक्रिया के साथ-साथ गणना/आकलन की कार्यप्रणालियों को परिष्कृत करने में उल्लेखनीय प्रगति की गई है। परिणामस्वरूप, माप संबंधी त्रुटियों को कम कर दिया गया है। इस सुधार की तार्किक परिणति के रूप में जीडीपी को गतिविधि के औपचारिक हेडलाइन माप के रूप में अपनाये जाने के प्रति एक नई रुचि पैदा होने लगी है। यूके में, सप्लाई यूज़ टेबल्स का इस्तेमाल आउटपुट, व्यय एवं आय एग्रिगेट्स के आंकड़े में समायोजन करने के लिए किया जाता है। भारत ने सप्लाई यूज़ टेबल्स के प्रकाशन का कार्य शुरू कर दिया है

जिसमें 2011-12 एवं 2012-13 के आंकड़े पब्लिक डोमेन में उपलब्ध हैं। भविष्य में, सीएसओ, अंतिम जीडीपी आकलनों के मिलान एवं एसडी को दूर करने या अपने समकक्ष वाले देशों के स्तरों के मुताबिक एसडी के आकार और अस्थिरता को कम करने के लिए इन टेबल्स के उपयोग पर विचार कर सकता है।

संदर्भ

Bajada, Christopher (2001). "An Examination of the Statistical Discrepancy and Private Investment expenditure", *Journal of Applied Economics*, Vol. IV, No 1.

Bloem, Adriaan M., Robert Dippelsman, Fenella Maitland-Smith, and Paul Armknecht (1997). "Discrepancies between Quarterly GDP Estimates", IMF WP/97/123.

Central Statistics Office (CSO) (2012). *National Accounts Statistics: Sources and Methods.*

Chakravarty, M. (2016), "'Discrepancies' Drive GDP Growth", Retrieved 14 March 2017, from The Livemint: http://www.livemint.com/ Opinion/ kvvDHfbryOQjvu2l16UcEI/Discrepancies-drive-GDP-growth.html

Chang, Andrew C. and Phillip Li (2015). "Measurement Error in Macroeconomic Data and Economic Research: Data Revisions, Gross Domestic Product, and Gross Domestic Income", Finance and Economics Discussion Series 2015-102. Washington: Board of Governors of the Federal Reserve System, http://dx.doi.org/10.17016/FEDS.2015.102.

Daniel, Ellis (2014). "An Introduction to Reconciled Estimates of GDP", National Accounts Coordination Division, ONS, 28 March 2014.

Keohane, D. (2016). *Alphaville*. Retrieved 14 March 2017 from The Financial Times: https://ftalphaville.ft.com/2016/06/01/2164140/discrepancies-and-indian-gdp-data/.

Zhong, R. (2016). *http://blogs.wsj.com*. Retrieved 7 March 2017, from The Wall Street Journal: http://blogs.wsj.com/indiarealtime/2016/06/02/indias-top-statistician-defends-economic-growth-numbers-warts-and-all/.

अनुबंध

ए1: वर्तमान कीमतों पर वार्षिक जीडीपी में सांख्यिकीय विसंगति *(जारी)*					
वर्ष	**जीडीपी बाज़ार कीमतों पर (₹ बिलियन)**	**विसंगतियाँ (₹ बिलियन)**	**वृद्धि दर (%)**	**जीडीपी में सां. विसंगति का हिस्सा (%)**	**जीडीपी वृद्धि में अंशदान***
1		3	4	5	6
1950-51	104.0	-7.6		-7.3	
1951-52	110.5	-9.2	6.3	-8.3	-24.2
1952-53	108.5	-11.2	-1.8	-10.3	100.5
1953-54	118.1	-9.7	8.8	-8.2	15.8
1954-55	111.7	-10.8	-5.4	-9.6	16.6
1955-56	113.7	-11.8	1.8	-10.4	-51.7
1956-57	135.5	-12.0	19.1	-8.8	-0.8
1957-58	139.5	-10.6	3.0	-7.6	34.9
1958-59	155.5	-10.7	11.5	-6.9	-1.1
1959-60	163.8	-14.4	5.4	-8.8	-43.9
1960-61	179.4	-13.9	9.5	-7.7	3.3
1961-62	190.1	-15.1	6.0	-7.9	-11.0
1962-63	204.3	-15.7	7.5	-7.7	-4.3
1963-64	234.6	-13.9	14.8	-5.9	5.9
1964-65	273.7	-16.3	16.6	-5.9	-6.1
1965-66	288.6	-21.5	5.4	-7.4	-34.9
1966-67	326.7	-29.4	13.2	-9.0	-20.8
1967-68	382.6	-36.2	17.1	-9.5	-12.2
1968-69	405.1	-20.0	5.9	-4.9	72.2
1969-70	446.1	-22.8	10.1	-5.1	-6.8
1970-71	476.4	-25.7	6.8	-5.4	-9.7
1971-72	510.0	-40.6	7.1	-8.0	-44.4
1972-73	562.1	-41.0	10.2	-7.3	-0.8
1973-74	684.2	-37.3	21.7	-5.4	3.1
1974-75	807.7	-74.3	18.1	-9.2	-30.0
1975-76	867.1	-54.2	7.4	-6.2	33.9
1976-77	934.2	-46.7	7.7	-5.0	11.2
1977-78	1058.5	-55.3	13.3	-5.2	-6.9
1978-79	1146.5	-83.1	8.3	-7.2	-31.5
1979-80	1257.3	-85.4	9.7	-6.8	-2.1

ए1: वर्तमान कीमतों पर वार्षिक जीडीपी में सांख्यिकीय विसंगति *(समाप्त)*

वर्ष	जीडीपी बाज़ार कीमतों पर (₹ बिलियन)	विसंगतियाँ (₹ बिलियन)	वृद्धि दर (%)	जीडीपी में सां. विसंगति का हिस्सा (%)	जीडीपी वृद्धि में अंशदान*
1	2	3	4	5	6
1980-81	1496.4	-60.4	19.0	-4.0	10.4
1981-82	1758.1	-115.1	17.5	-6.5	-20.9
1982-83	1966.4	-133.3	11.9	-6.8	-8.8
1983-84	2290.2	-118.8	16.5	-5.2	4.5
1984-85	2566.1	-169.8	12.0	-6.6	-18.5
1985-86	2895.2	-190.4	12.8	-6.6	-6.2
1986-87	3239.5	-257.7	11.9	-8.0	-19.6
1987-88	3682.1	-228.4	13.7	-6.2	6.6
1988-89	4368.9	-249.5	18.7	-5.7	-3.1
1989-90	5019.3	-202.8	14.9	-4.0	7.2
1990-91	5862.1	-198.0	16.8	-3.4	0.6
1991-92	6738.8	-138.9	15.0	-2.1	6.7
1992-93	7745.5	-125.0	14.9	-1.6	1.4
1993-94	8913.6	71.0	15.1	0.8	16.8
1994-95	10455.9	43.5	17.3	0.4	-1.8
1995-96	12267.3	-65.6	17.3	-0.5	-6.0
1996-97	14192.8	396.7	15.7	2.8	24.0
1997-98	15723.9	52.8	10.8	0.3	-22.5
1998-99	18033.8	167.8	14.7	0.9	5.0
1999-00	20122.0	-638.8	11.6	-3.2	-38.6
2000-01	21686.5	-170.9	7.8	-0.8	29.9
2001-02	23483.3	-566.9	8.3	-2.4	-22.0
2002-03	25306.6	-0.6	7.8	0.0	31.1
2003-04	28379.0	185.5	12.1	0.7	6.1
2004-05	32422.1	-251.5	14.2	-0.8	-10.8
2005-06	36933.7	-256.5	13.9	-0.7	-0.1
2006-07	42947.1	-303.6	16.3	-0.7	-0.8
2007-08	49870.9	-632.6	16.1	-1.3	-4.8
2008-09	56300.6	506.2	12.9	0.9	17.7
2009-10	64778.3	-37.9	15.1	-0.1	-6.4
2010-11	77841.2	302.3	20.2	0.4	2.6
2011-12	87363.3	-296.2	12.2	-0.3	-6.3
2012-13	99440.1	1225.7	13.8	1.2	12.6
2013-14	112335.2	1143.9	13.0	1.0	-0.6
2014-15	124679.6	186.9	11.0	0.1	-7.8
2015-16	137640.4	1853.2	10.4	1.3	12.9
2016-17	152537.1	2181.4	10.8	1.4	2.2

*: जीडीपी वृद्धि में अंशदान= $((SD_t - SD_{t-1})/(Y_t - Y_{t-1}))*100$

टिप्पणी: 2011-12 और उसके बाद के आंकड़े आधार-वर्ष 2011-12 की कीमतों पर,जबकि उसके पहले के आंकड़े आधार-वर्ष 2004-05 की कीमतों पर आधारित हैं।

स्रोत: सीएसओ

ए2: स्थिर कीमतों पर वार्षिक जीडीपी में सांख्यिकीय विसंगति *(जारी)*

वर्ष	जीडीपी बाज़ार कीमतों पर (₹ बिलियन)	विसंगतियाँ (₹ बिलियन)	वृद्धि दर (%)	जीडीपी में सां. विसंगति का हिस्सा (%)	जीडीपी वृद्धि में अंशदान*
1	2	3	4	5	6
1950-51	2939.4	-112.1		-3.8	
1951-52	3026.0	-98.7	2.9	-3.3	15.5
1952-53	3105.4	-138.3	2.6	-4.5	-49.9
1953-54	3296.4	-91.3	6.2	-2.8	24.6
1954-55	3455.0	-92.0	4.8	-2.7	-0.5
1955-56	3566.8	-74.3	3.2	-2.1	15.9
1956-57	3765.8	-68.1	5.6	-1.8	3.1
1957-58	3750.3	-2.2	-0.4	-0.1	-425.7
1958-59	4027.5	23.7	7.4	0.6	9.3
1959-60	4133.2	-56.4	2.6	-1.4	-75.8
1960-61	4360.4	-52.2	5.5	-1.2	1.8
1961-62	4522.7	-57.2	3.7	-1.3	-3.1
1962-63	4655.3	-78.4	2.9	-1.7	-16.0
1963-64	4934.3	-115.4	6.0	-2.3	-13.3
1964-65	5302.1	-73.6	7.5	-1.4	11.4
1965-66	5162.3	-286.5	-2.6	-5.6	152.4
1966-67	5159.5	-329.8	-0.1	-6.4	1514.0
1967-68	5563.2	-237.2	7.8	-4.3	22.9
1968-69	5751.7	-247.3	3.4	-4.3	-5.3
1969-70	6127.9	-183.8	6.5	-3.0	16.9
1970-71	6443.9	-69.2	5.2	-1.1	36.3
1971-72	6549.8	-203.4	1.6	-3.1	-126.7
1972-73	6513.5	-286.9	-0.6	-4.4	230.6
1973-74	6728.2	-243.7	3.3	-3.6	20.2
1974-75	6807.9	-303.6	1.2	-4.5	-75.2
1975-76	7430.8	46.5	9.1	0.6	56.2
1976-77	7554.4	-247.6	1.7	-3.3	-238.0
1977-78	8102.5	-256.0	7.3	-3.2	-1.5
1978-79	8565.3	-424.2	5.7	-5.0	-36.3
1979-80	8116.7	-684.5	-5.2	-8.4	58.0

ए2: स्थिर कीमतों पर वार्षिक जीडीपी में सांख्यिकीय विसंगति *(समाप्त)*

वर्ष	जीडीपी बाज़ार कीमतों पर (₹ बिलियन)	विसंगतियाँ (₹ बिलियन)	वृद्धि दर (%)	जीडीपी में सां. विसंगति का हिस्सा (%)	जीडीपी वृद्धि में अंशदान*
1	2	3	4	5	6
1980-81	8663.4	-662.7	6.7	-7.6	4.0
1981-82	9183.7	-698.0	6.0	-7.6	-6.8
1982-83	9502.9	-615.3	3.5	-6.5	25.9
1983-84	10195.6	-368.8	7.3	-3.6	35.6
1984-85	10585.2	-627.8	3.8	-5.9	-66.5
1985-86	11141.3	-592.8	5.3	-5.3	6.3
1986-87	11673.5	-485.2	4.8	-4.2	20.2
1987-88	12136.4	-528.6	4.0	-4.4	-9.4
1988-89	13304.9	-314.1	9.6	-2.4	18.4
1989-90	14096.1	-277.5	5.9	-2.0	4.6
1990-91	14876.1	-455.6	5.5	-3.1	-22.8
1991-92	15033.4	-246.3	1.1	-1.6	133.1
1992-93	15857.6	-56.8	5.5	-0.4	23.0
1993-94	16610.9	491.5	4.8	3.0	72.8
1994-95	17717.0	652.5	6.7	3.7	14.6
1995-96	19059.0	482.4	7.6	2.5	-12.7
1996-97	20497.9	1116.7	7.5	5.4	44.1
1997-98	21328.0	872.8	4.0	4.1	-29.4
1998-99	22647.0	1049.9	6.2	4.6	13.4
1999-00	24650.3	457.4	8.8	1.9	-29.6
2000-01	25597.1	964.2	3.8	3.8	53.5
2001-02	26831.9	470.0	4.8	1.8	-40.0
2002-03	27852.6	588.5	3.8	2.1	11.6
2003-04	30041.9	1060.9	7.9	3.5	21.6
2004-05	32422.1	-251.5	7.9	-0.8	-55.1
2005-06	35432.4	-372.9	9.3	-1.1	-4.0
2006-07	38714.9	-550.0	9.3	-1.4	-5.4
2007-08	42509.5	-1164.7	9.8	-2.7	-16.2
2008-09	44163.5	-287.8	3.9	-0.7	53.0
2009-10	47908.5	-1030.6	8.5	-2.2	-19.8
2010-11	52823.9	-1480.4	10.3	-2.8	-9.2
2011-12	87363.3	-296.2	6.6	-0.3	8.0
2012-13	92130.2	416.4	5.5	0.5	14.9
2013-14	98013.7	-330.6	6.4	-0.3	-12.7
2014-15	105276.8	-244.9	7.4	-0.2	1.2
2015-16	113861.5	1828.4	8.2	1.6	24.2
2016-17	121960.1	1962.3	7.1	1.6	1.7

*: जीडीपी वृद्धि में अंशदान= $(\{SD_t - SD_{t-1}\}/(Y_t - Y_{t-1}))*100$

टिप्पणी: 2011-12 और उसके बाद के आंकड़े आधार-वर्ष 2011-12 की कीमतों पर,जबकि उसके पहले के आंकड़े आधार-वर्ष 2004-05 की कीमतों पर आधारित हैं।

स्रोत: सीएसओ

ए3: वर्तमान मूल्य पर तिमाही जीडीपी में सांख्यिकीय विसंगति (जारी)						
वर्ष	**तिमाही**	**बाज़ार मूल्य पर जीडीपी (₹ बिलियन)**	**विसंगतियाँ (₹ बिलियन)**	**वृद्धि दर (%)**	**जीडीपी में सां. विसंगति का हिस्सा (%)**	**जीडीपी वृद्धि में अंशदान***
1	2	3	4	5	6	7
1997-98	ति1	3530.2	97.5	11.3	2.8	-9.0
	ति2	3326.6	91.8	10.6	2.8	-9.8
	ति3	4129.3	114.0	9.6	2.8	-11.0
	ति4	4285.6	118.3	11.6	2.8	-8.6
1998-99	ति1	3991.8	108.2	13.1	2.7	2.3
	ति2	3900.9	105.7	17.3	2.7	2.4
	ति3	4801.9	130.1	16.3	2.7	2.4
	ति4	4817.5	130.5	12.4	2.7	2.3
1999-00	ति1	4523.2	-57.3	13.3	-1.3	-31.1
	ति2	4361.8	-143.4	11.8	-3.3	-54.0
	ति3	5239.4	-62.2	9.1	-1.2	-44.0
	ति4	5396.0	4.3	12.0	0.1	-21.8
2000-01	ति1	4935.0	124.0	9.1	2.5	44.0
	ति2	4794.6	52.7	9.9	1.1	45.3
	ति3	5633.5	38.6	7.5	0.7	25.6
	ति4	5660.0	-121.9	4.9	-2.2	-47.8
2001-02	ति1	5309.1	89.4	7.6	1.7	-9.2
	ति2	5197.5	109.6	8.4	2.1	14.1
	ति3	6154.6	-47.2	9.2	-0.8	-16.5
	ति4	6128.3	-159.6	8.3	-2.6	-8.0
2002-03	ति1	5744.5	199.9	8.2	3.5	25.4
	ति2	5683.8	115.0	9.4	2.0	1.1
	ति3	6505.9	-88.5	5.7	-1.4	-11.7
	ति4	6611.4	-48.0	7.9	-0.7	23.1
2003-04	ति1	6287.0	179.0	9.4	2.8	-3.9
	ति2	6315.4	-55.1	11.1	-0.9	-26.9
	ति3	7481.1	135.0	15.0	1.8	22.9
	ति4	7462.8	1.9	12.9	0.0	5.9

ए3: वर्तमान मूल्य पर तिमाही जीडीपी में सांख्यिकीय विसंगति (जारी)

वर्ष	तिमाही	बाज़ार मूल्य पर जीडीपी (₹ बिलियन)	विसंगतियाँ (₹ बिलियन)	वृद्धि दर (%)	जीडीपी में सां. विसंगति का हिस्सा (%)	जीडीपी वृद्धि में अंशदान*
1	2	3	4	5	6	7
2004-05	ति1	7353.6	-117.4	17.0	-1.6	-28.2
	ति2	7599.4	72.9	20.3	1.0	20.9
	ति3	8575.6	99.4	14.6	1.2	13.9
	ति4	8893.5	-306.4	19.2	-3.4	-4.5
2005-06	ति1	8369.9	150.3	13.8	1.8	26.3
	ति2	8553.4	-101.7	12.6	-1.2	-18.3
	ति3	9762.3	-169.3	13.8	-1.7	-22.6
	ति4	10248.2	-135.7	15.2	-1.3	12.6
2006-07	ति1	9522.6	-268.9	13.8	-2.8	-36.4
	ति2	10041.6	56.1	17.4	0.6	10.6
	ति3	11393.1	28.0	16.7	0.2	12.1
	ति4	11989.8	-118.8	17.0	-1.0	1.0
2007-08	ति1	11264.8	-319.7	18.3	-2.8	-2.9
	ति2	11508.0	-377.9	14.6	-3.3	-29.6
	ति3	13216.5	-61.0	16.0	-0.5	-4.9
	ति4	13881.6	126.1	15.8	0.9	12.9
2008-09	ति1	13334.6	130.9	18.4	1.0	21.8
	ति2	13661.8	571.8	18.7	4.2	44.1
	ति3	14652.9	-296.9	10.9	-2.0	-16.4
	ति4	14651.3	100.4	5.5	0.7	-3.3
2009-10	ति1	14326.5	-280.4	7.4	-2.0	-41.5
	ति2	14976.5	-449.1	9.6	-3.0	-77.7
	ति3	17004.9	-216.1	16.1	-1.3	3.4
	ति4	18470.5	907.6	26.1	4.9	21.1
2010-11	ति1	17441.8	185.9	21.7	1.1	15.0
	ति2	17869.8	-323.8	19.3	-1.8	4.3
	ति3	20451.6	-243.1	20.3	-1.2	-0.8
	ति4	22078.0	683.4	19.5	3.1	-6.2

ए3: वर्तमान मूल्य पर तिमाही जीडीपी में सांख्यिकीय विसंगति *(समाप्त)*

वर्ष	तिमाही	बाज़ार मूल्य पर जीडीपी (₹ बिलियन)	विसंगतियाँ (₹ बिलियन)	वृद्धि दर (%)	जीडीपी में सां. विसंगति का हिस्सा (%)	जीडीपी वृद्धि में अंशदान*
1	2	3	4	5	6	7
2011-12	ति1	20435.0	-43.8	18.6	-0.2	-4.8
	ति2	20294.7	-495.3	16.7	-2.4	1.4
	ति3	22448.5	335.5	15.2	1.5	17.5
	ति4	24185.1	-92.6	13.2	-0.4	21.2
2012-13	ति1	22977.4	135.3	12.4	0.6	7.0
	ति2	24201.9	-353.6	19.3	-1.5	3.6
	ति3	25207.2	986.7	12.3	3.9	23.6
	ति4	27053.6	457.3	11.9	1.7	19.2
2013-14	ति1	25495.2	-80.0	11.0	-0.3	-8.6
	ति2	27542.1	551.6	13.8	2.0	27.1
	ति3	28893.2	100.7	14.6	0.3	-24.0
	ति4	30404.8	571.6	12.4	1.9	3.4
2014-15	ति1	29135.9	-1092.0	14.3	-3.7	-27.8
	ति2	30565.8	-463.7	11.0	-1.5	-33.6
	ति3	31753.3	795.1	9.9	2.5	24.3
	ति4	32996.3	602.3	8.5	1.8	1.2
2015-16	ति1	32202.8	281.7	10.5	0.9	44.8
	ति2	33264.7	381.4	8.8	1.1	31.3
	ति3	34444.8	115.2	8.5	0.3	-25.3
	ति4	36908.0	747.2	11.9	2.0	3.7
2016-17	ति1	35549.4	-175.1	10.4	-0.5	-13.6
	ति2	36757.9	-44.1	10.5	-0.1	-12.2
	ति3	38020.4	-554.2	10.4	-1.5	-18.7
	ति4	41509.5	1742.2	12.5	4.2	21.6
2017-18	ति1	38837.8	286.7	9.3	0.7	14.0
	ति2	40223.4	548.7	9.4	1.4	17.1

*: जीडीपी वृद्धि में अंशदान= $((SD_t - SD_{t-1})/(Y_t - Y_{t-1}))*100$

टिप्पणी : वर्ष 1997-98 से 2003-04 के आंकड़े आधार-वर्ष 1999-00 की कीमतों पर, 2004-05 से 2010-11 के आंकड़े आधार-वर्ष 2004-05 की कीमतों पर और उसके बाद के आंकड़े आधार-वर्ष 2011-12 की कीमतों पर आधारित हैं।

स्रोत: सीएसओ

ए4: स्थिर मूल्य पर तिमाही जीडीपी में सांख्यिकीय विसंगति *(जारी)*

वर्ष	तिमाही	बाज़ार मूल्य पर जीडीपी (₹ बिलियन)	विसंगतियाँ (₹ बिलियन)	जीडीपी में वृद्धि (%)	जीडीपी में सां. विसंगति का हिस्सा (%)	जीडीपी वृद्धि में अंशदान*
1	2	3	4	5	6	7
1997-98	ति1	4011.3	99.4	3.3	2.5	-18.5
	ति2	3755.2	93.1	4.8	2.5	-11.7
	ति3	4616.5	114.4	3.5	2.5	-16.9
	ति4	4734.4	117.3	4.6	2.5	-12.3
1998-99	ति1	4265.4	141.5	6.3	3.3	16.6
	ति2	4048.4	134.3	7.8	3.3	14.1
	ति3	4870.5	161.6	5.5	3.3	18.6
	ति4	4993.2	165.7	5.5	3.3	18.7
1999-00	ति1	4596.6	-186.1	7.8	-4.0	-98.9
	ति2	4368.0	-83.9	7.9	-1.9	-68.3
	ति3	5200.3	1.5	6.8	0.0	-48.6
	ति4	5355.5	9.8	7.3	0.2	-43.0
2000-01	ति1	4837.5	-15.8	5.2	-0.3	70.7
	ति2	4657.8	132.6	6.6	2.8	74.7
	ति3	5397.8	64.5	3.8	1.2	31.9
	ति4	5414.0	-156.4	1.1	-2.9	-284.1
2001-02	ति1	5023.1	-98.3	3.8	-2.0	-44.4
	ति2	4860.7	204.1	4.4	4.2	35.2
	ति3	5737.4	37.2	6.3	0.6	-8.0
	ति4	5745.3	-97.8	6.1	-1.7	17.7
2002-03	ति1	5277.8	-91.2	5.1	-1.7	2.8
	ति2	5120.5	106.3	5.3	2.1	-37.6
	ति3	5850.6	-140.3	2.0	-2.4	-156.8
	ति4	5922.6	-177.0	3.1	-3.0	-44.7
2003-04	ति1	5536.5	-68.9	4.9	-1.2	8.6
	ति2	5535.2	28.6	8.1	0.5	-18.7
	ति3	6506.7	100.8	11.2	1.5	36.7
	ति4	6448.8	-76.9	8.9	-1.2	19.0

ए4: स्थिर मूल्य पर तिमाही जीडीपी में सांख्यिकीय विसंगति *(जारी)*

वर्ष	तिमाही	बाज़ार मूल्य पर जीडीपी (₹ बिलियन)	विसंगतियाँ (₹ बिलियन)	जीडीपी में वृद्धि (%)	जीडीपी में सां. विसंगति का हिस्सा (%)	जीडीपी वृद्धि में अंशदान*
1	2	3	4	5	6	7
2004-05	ति1	7500.4	-129.3	8.3	-1.7	-81.0
	ति2	7580.8	57.4	8.8	0.8	3.2
	ति3	8503.9	87.0	5.9	1.0	-17.8
	ति4	8837.0	-266.7	10.3	-3.0	-20.8
2005-06	ति1	8192.3	105.1	9.2	1.3	33.9
	ति2	8220.9	-147.2	8.4	-1.8	-32.0
	ति3	9267.0	-197.6	9.0	-2.1	-37.3
	ति4	9752.3	-133.2	10.4	-1.4	14.6
2006-07	ति1	8799.0	-313.7	7.4	-3.6	-69.0
	ति2	9062.7	-30.2	10.2	-0.3	13.9
	ति3	10145.2	-49.0	9.5	-0.5	16.9
	ति4	10708.0	-157.1	9.8	-1.5	-2.5
2007-08	ति1	9750.1	-465.1	10.8	-4.8	-15.9
	ति2	9891.0	-410.1	9.1	-4.1	-45.9
	ति3	11215.3	-210.9	10.5	-1.9	-15.1
	ति4	11653.1	-78.7	8.8	-0.7	8.3
2008-09	ति1	10538.3	-308.2	8.1	-2.9	19.9
	ति2	10557.2	171.0	6.7	1.6	87.2
	ति3	11387.4	-351.9	1.5	-3.1	-81.9
	ति4	11680.6	201.3	0.2	1.7	1018.4
2009-10	ति1	11064.6	-447.1	5.0	-4.0	-26.4
	ति2	11291.8	-534.3	7.0	-4.7	-96.0
	ति3	12322.4	-423.5	8.2	-3.4	-7.7
	ति4	13229.6	374.2	13.3	2.8	11.2
2010-11	ति1	12203.5	-126.7	10.3	-1.0	28.1
	ति2	12384.8	-444.5	9.7	-3.6	8.2
	ति3	13639.8	-810.9	10.7	-5.9	-29.4
	ति4	14595.7	-98.3	10.3	-0.7	-34.6

ए4: स्थिर कीमतों पर तिमाही जीडीपी में सांख्यिकीय विसंगति *(समाप्त)*

वर्ष	तिमाही	बाज़ार मूल्य पर जीडीपी (₹ बिलियन)	विसंगतियाँ (₹ बिलियन)	जीडीपी में वृद्धि (%)	जीडीपी में सां. विसंगति का हिस्सा (%)	जीडीपी वृद्धि में अंशदान*
1	2	3	4	5	6	7
2011-12	ति1	21028.6	-103.6	8.3	-3.6	-34.8
	ति2	20428.7	-504.4	6.7	-3.8	-7.5
	ति3	22251.4	383.4	6.2	-3.4	38.2
	ति4	23654.6	-71.6	5.6	1.8	45.4
2012-13	ति1	22052.2	168.0	4.9	0.8	26.5
	ति2	21959.5	-1156.7	7.5	-5.3	-42.6
	ति3	23447.7	1128.8	5.4	4.8	62.3
	ति4	24670.8	276.2	4.3	1.1	34.2
2013-14	ति1	23474.0	91.3	6.4	0.4	-5.4
	ति2	23570.8	-391.4	7.3	-1.7	47.5
	ति3	24980.0	-5.5	6.5	0.0	-74.0
	ति4	25989.0	-25.1	5.3	-0.1	-22.9
2014-15	ति1	25337.9	-548.2	7.9	-2.2	-34.3
	ति2	25647.5	-381.0	8.8	-1.5	0.5
	ति3	26506.7	338.4	6.1	1.3	22.5
	ति4	27877.7	145.3	7.3	0.5	9.0
2015-16	ति1	27258.7	693.6	7.6	2.5	64.6
	ति2	27701.0	532.1	8.0	1.9	44.5
	ति3	28427.4	151.6	7.2	0.5	-9.7
	ति4	30422.9	300.8	9.1	1.0	6.1
2016-17	ति1	29418.5	376.0	7.9	1.3	-14.7
	ति2	29788.2	365.8	7.5	1.2	-8.0
	ति3	30407.6	-409.8	7.0	-1.3	-28.3
	ति4	32284.3	506.9	6.1	1.6	11.1
2017-18	ति1	31101.5	330.5	5.7	1.1	-2.7
	ति2	31656.6	592.7	6.3	1.9	12.1

*: जीडीपी वृद्धि में अंशदान= $((SD_t - SD_{t-1})/(Y_t - Y_{t-1}))*100$

टिप्पणी : वर्ष 1997-98 से 2003-04 के आंकड़े आधार-वर्ष 1999-00 की कीमतों पर, 2004-05 से 2010-11 के आंकड़े आधार-वर्ष 2004-05 की कीमतों पर और उसके बाद के आंकड़े आधार-वर्ष 2011-12 की कीमतों पर आधारित हैं।

स्रोत: सीएसओ